# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवंस्वास्थ्य अधिकारी
## जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

E-mail ID: nhmbalodabazaar@gmail.com Tel.phone No. -07727-223550

क्रमांक/एन.एच.एम./अस्थायी भर्ती/NS-2651/2022–23/2660 बलौदाबाजार, दिनांक 29/03/2023

**//विज्ञापन//**

मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ का पत्र क/एनएचएम/एचआर/2023/एनएस–1749/4932 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 15.02.2023 के परिपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले में स्वीकृत आर.ओ.पी. वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु रिक्त पदों को अस्थाई रूप से कलेक्टर दर पर रखे जाने की अनुमति उपरांत तालिकानुसार अस्थाई रिक्त पदों की कलेक्टर दर पर भर्ती किया जाना है।

अस्थायी भर्ती हेतु निर्धारित अर्हताकारी योग्यता एवं रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र | सेवा में लिये जाने वाले पद का नाम | पद संख्या | सेवा प्रदाय एकमुश्त राशि | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Laboratory Technicians - DPHL | 04 | 11130.00 | Bachelor of Medical Laboratory Technology {Bsc (MLT)} / Diploma in Medical Laboratory Technology (D.M.L.T.) From a Recognized institute. with Registration in CG Paramedical council. |
| 02 | Laboratory Technician-NUHM | 01 | 11130.00 | Bachelor of Medical Laboratory Technology {Bsc (MLT)} / Diploma in Medical Laboratory Technology (D.M.L.T.) From a Recognized institute. with Registration in CG Paramedical council. |
| 03 | Dental Assistant | 03 | 11130.00 | Along with matriculation degree preferance should be given to 1 year course of Lab Technician/ Hygienist or dental technician from medical College |
| 04 | ANM- NHM | 02 | 11130.00 | 12th passed, ANM Passed & INC affiliated Training Centre and live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. |
| 05 | ANM- RBSK | 04 | 11130.00 | 12th passed, ANM Passed & INC affiliated Training Centre and live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. |
| 06 | ANM- NUHM | 01 | 11130.00 | 12th passed, ANM Passed & INC affiliated Training Centre and live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. |
| 07 | Aya Bai | 02 | 9700.00 | 8 th Passed |
| 08 | Cleaner | 01 | 9700.00 | 8 th Passed |
| 09 | Support Staff (Housekeeping staff) | 08 | 9700.00 | 8 th Passed |
| 10 | Secretarial Assistant - NTEP | 01 | 11130.00 | 12th passed with at least 01 year Diploma in Computer Application **Desirable-** Typing Speed of 40 w.p.m in English & local Language Data Entry Speed minimum 8000 key Depressions |
| 11 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - NUHM | 01 | 11130.00 | 12th passed with at least 01 year Diploma in Computer Application **Desirable-** Typing Speed of 40 w.p.m in English & local Language Data Entry Speed minimum 8000 key Depressions |
| 12 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 04 | 11130.00 | 12th passed with at least 01 year Diploma in Computer Application **Desirable-** Typing Speed of 40 w.p.m in English & local Language Data Entry Speed minimum 8000 key Depressions |
| 13 | Jr. Secretarial Assistant - NHM | 02 | 11130.00 | 12th passed with at least 01 year Diploma in Computer Application **Desirable-** Typing Speed of 40 w.p.m in English & local Language Data Entry Speed minimum 8000 key Depressions |
| 14 | Security Guard | 04 | 9700.00 | Higher Secondary Passed & Minimum 01 Year Experience of Security Guard in Govt./Semi Govt./ Private institute |
| 15 | Class - IV - NUHM | 01 | 9700.00 | 8 th Passed |

| आवेदन जमा करने की तिथि व समय | पात्र/अपात्र सूची प्रकाशन तिथि | दावा आपत्ति हेतु तिथि व समय | मेरिट सूची प्रकाश तिथि |
|---|---|---|---|
| दिनांक 05.04.2023 से 06.04.2023 तक समय–प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक | दिनांक 10.04.2023 | दिनांक 11.04.2023 को समय–प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक | दिनांक 17.04.2023 |

अतः उपरोक्तानुसार इच्छुक समस्त अर्हताधारी अभ्यार्थी द्वारा स्वप्रमाणित समस्त दस्तावेज के साथ निर्धारित समय में **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)** में स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित प्रारूप जिले की वेबसाईट www.balodabazar.gov.in में प्राप्त कर सकते है। निर्धारित तिथि दिनांक 06/04/2023 एवं कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे के पश्चात् प्रस्तुत आवेदन अथवा स्पीड पोस्ट/डाक/कोरियर/अन्य माध्यम् से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन से संबंधित समस्त दिशा–निर्देश, नियम एवं शर्तें कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) के सूचना पटल तथा जिले की वेबसाईट www.balodabazar.gov.in पर देखी जा सकती है।

**टीप** :–1. अभ्यर्थी को चाहिए की निरंतर जिले की वेबसाईट www.balodabazar.gov.in का अवलोकन करते रहें। विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी जिले की वेबसाईट के माध्यम् से एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) के सूचना पटल पर ही दी जावेगी। समयानुसार इसके अवलोकन की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थियों की होगी। अन्य किसी भी माध्यम् से कोई जानकारी आवेदक को प्रेषित नहीं की जावेगी।

2. केवल जिला बलौदाबाजार–भाटापारा निवासी आवेदक ही उपरोक्त विज्ञापित पदों पर आवेदन प्रस्तुत करें। अन्य जिला निवासी आवेदन प्रस्तुत न करें।

## –:: नियम एवं शर्ते ::–

1. विज्ञापन से संबंधित समस्त दिशा–निर्देश जिले की वेबसाईट www.balodabazar.gov.in पर तथा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) के सूचना पटल पर प्रसारित होगी। अन्य किसी माध्यम् से सूचना अभ्यर्थियों को प्रेषित नहीं की जावेगी।
2. आवेदन निर्धारित प्रारूप में वांछित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निर्धारित प्रारूप में आवेदन नहीं होने, वांछित अपूर्ण दस्तावेज एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन होने की स्थिति में आवेदन अमान्य किया जावेगा। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
3. संबंधित पद पर आवेदन प्रस्तुत करने वाले आवेदक को आवेदन भर कर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) में प्रस्तुत करना होगा। आवेदन प्रारूप में स्पष्ट शब्दों में आवेदित पत्र का नाम लिखना अनिवार्य होगा।
4. आवेदन हेतु निर्धारित तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है। अर्हता सिद्ध करने वाले समस्त प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
5. आवेदन हेतु निर्धारित तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अनिवार्य योग्यता संबंधी स्व प्रमाणित दस्तावेज के साथ निर्धारित समय में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) में स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।
6. चयन प्रकिया का आधार प्राविण्य सूची होगी। अभ्यर्थियों के पात्र पाये जाने पर अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के अंकसूची के प्रतिशत की मेरिट के आधार पर चयन प्रकिया पूर्ण किया जावेगा। किसी भी प्रकार के अनुभव हेतु अंक प्रदान नहीं किया जावेगा, चयन का आधार केवल निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के मेरिट कमानुसार किया जावेगा।
7. ऐसे अभ्यर्थी जिनका अंकसूची ग्रेडिंग पद्धति का है, उनको ग्रेडिंग गणना पद्धति द्वारा प्रतिशत का उल्लेख करना अनिवार्य है तथा इस संबंध में संबंधित शैक्षणिक संस्था/स्कूल से संस्था प्रमुख द्वारा जारी गणना पत्रक/चार्ट की सत्यापित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि में आवेदन के साथ गणना पत्रक प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन अमान्य किया जावेगा।
8. विज्ञापित पद लैब तकनीशियन हेतु छ.ग. पैरामेडिकल कांउसिल में जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र तथा ए.एन.एम. हेतु छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

8. विज्ञापित पद लैब तकनीशियन हेतु छ.ग. पैरामेडिकल कांउसिल में जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र तथा ए.एन.एम. हेतु छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
9. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र यू.जी.सी./छ.ग. शासन/केन्द्र शासन से मान्यता प्राप्त संस्थान से होना अनिवार्य है।
10. विज्ञापित पदों पर चयन हेतु उन्हीं अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित है जो छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत जिला बलौदाबाजार–भाटापारा क्षेत्र के विकासखण्ड बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, पलारी, सिमगा के निवासी हों। जिला बलौदाबाजार–भाटापारा के अतिरिक्त अन्य जिला के निवासी द्वारा विज्ञापित पद हेतु प्रस्तुत आवेदन को स्वीकार नहीं किया जावेगा। यदि अन्य जिला निवासी द्वारा प्रस्तुत आवेदन को अस्वीकार किया जाता है तो इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
11. विज्ञापित पदों हेतु नियमित/संविदा भर्ती के संबंध में सामान्य प्रशासन/वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त होते ही तत्काल सूचित कर कलेक्टर दर पर रखे गये उक्त समस्त पदों की सेवा समाप्त कर नियमित/संविदा भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर दर पर रखे गये कर्मियों द्वारा नियमितिकरण की मांग तथा सेवा समाप्त न किये जाने हेतु कोई मांग नहीं की जावेगी न ही किसी धरना प्रदर्शन इत्यादि में सम्मिलित होंगे, तथा इस बाबत् कार्यभार ग्रहण करते समय शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
12. यह पद पूर्णतः अस्थाई तथा प्रस्तावित पद पर चयन कलेक्टर दर पर ही की जानी है। नियमित/संविदा भर्ती के संबंध में सामान्य प्रशासन/वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त होने पर इस विज्ञापन के तहत् कलेक्टर दर पर रखे गए कर्मीयों की सेवायें समाप्त कर दी जावेगी जिस पर अभ्यर्थी द्वारा कोई दावा एवं आपत्ति नहीं किया जावेगा। चयन होने के पश्चात् उपरोक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
13. नियुक्ति आदेश जारी होने के 07 दिवस के भीतर कार्यभार ग्रहण नहीं करने की स्थिति में नियुक्ति आदेश स्वमेव समाप्त मानी जावेगी तथा इस पद पर प्रतिक्षा सूची में उल्लेखित वरीयता अनुक्रमानुसार अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा।
14. सेवा प्रदाता 89 दिवस अथवा नियमित/संविदा के तहत् नियुक्ति तिथि तक जो भी पहले हो दिनांक से सेवा स्वमेव समाप्त हो जावेगी। इस परिस्थिति में सेवा समाप्ति की स्थिति निर्मित होने पर कलेक्टर दर पर चयनित अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
15. अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता अनुरूप कार्य कुशलता नहीं पाये जाने पर तत्काल सेवा से पृथक किया जावेगा।
16. आयु सीमा 01 जनवरी 2023 को न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष (छ.ग. शासन द्वारा समय समय पर आयु सीमा में दी गई छूट सहित) तक होना चाहिए। उम्मीदवार को अपनी आयु सत्यापित करने हेतु अंकसूची में उल्लेखित जन्मतिथि से संबंधित प्रमाण–पत्र (आठवी/दसवी की अंकसूची) की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
17. सेवा प्रदाता अपने कार्यकाल के दौरान निजी संस्था में कार्य नहीं कर सकते हैं, यदि कोई उम्मीदवार सेवा अवधि के दौरान निजी संस्था में कार्य करते पाये जाते हैं, जो उनकी सेवा तत्काल समाप्त की जा सकेगी।
18. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन के साथ क्रमवार प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा तथा दस्तावेज सत्यापन के समय अभिलेखों की मूलप्रति के साथ अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
    18.1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से 8वीं/10 वीं अंकसूची (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु)
    18.2 संबंधित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के परीक्षा के समस्तं वर्षों की अंकसूची।
    18.3. संबंधित डिप्लोमा/डिग्री का प्रमाण पत्र।
    18.4 संबंधित कौंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (संबंधित है तो)।
    18.5 जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
    18.6 छत्तीसगढ़ राज्य के वर्तमान बलौदाबाजार–भाटापारा जिला के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखण्ड बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, पलारी, सिमगा के निवासी होने संबंधी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छ.ग. का निवासी प्रमाण पत्र।
    18.7 जाति प्रमाण पत्र।
19. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होंगे) उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

20. अभ्यर्थियों का चयन उपरांत कार्यालय में आवेदक की उपस्थिति के समय ही मूल प्रमाण पत्रों का परीक्षण (सत्यापन) का कार्य कार्यालय द्वारा किया जावेगा। प्रमाण पत्र त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण अथवा गलत पाये जाने पर उम्मीदवार का चयन तत्काल निरस्त किया जा सकेगा।
21. आवेदक को जिला रोजगार कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने तिथि तक जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र अनिवार्य होगा। जीवित पंजीयन नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदन अमान्य किया जावेगा। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
22. विज्ञापित पदों पर चयन का आधार निम्नानुसार विभिन्न शैक्षणिक योग्यता के कुल प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर होगा।

| क. | पदा का नाम | चयन का आधार |
|---|---|---|
| 01 | Laboratory Technicians | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर |
| 02 | ANM | ए.एन.एम. के प्राप्तांक के आधार पर |
| 03 | Dental Assistant | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर। 1 year course of Lab Technician (Denatal Work realeted) Hygienist or dental technician कोर्स अनिवार्य होगा |
| 04 | Aya Bai | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर |
| 05 | Cleaner | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर |
| 06 | Support Staff (Housekeeping staff) | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर |
| 07 | Secretarial Assistant | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर। डिप्लोमा अनिवार्य होगा |
| 08 | Jr. Secretarial Assistant | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर। डिप्लोमा अनिवार्य होगा |
| 09 | Security Guard | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर। अनुभव अनिवार्य होगा |
| 10 | Class - IV - NUHM | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर . |

23. आवश्यकतानुसार पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकेगा।
24. दावा आपत्ति कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किया जाना होगा। निर्धारित तिथि में अभ्यर्थी प्रकाशित सूची में अभ्यर्थियों से संबंधित टंकण त्रुटि यथा नाम, पता शैक्षणिक योग्यता के अंक, दस्तावेज संबंधी दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
25. निर्धारित तिथि उपरांत किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति किये जाने पर उक्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
26. चयन प्रकिया के दौरान किसी भी विवाद या समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार जिला स्तरीय चयन समिति, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) के पास सुरक्षित होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा। न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जिला जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा होगा।

**(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)**

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)**